भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग

टेक्नोलाजी भवन, नया मेहरौली मार्ग,
नई दिल्ली – 110016
दिनांक: 5 नवम्बर 2014
27.12.14 रोजगार समाचार

विज्ञापन सं. डीएसआईआर/01/2014-स्था.

**वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर), विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय में वैज्ञानिकों के पदों पर भर्ती हेतु**

वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकी मंत्रालय का डीएसआईआर विभाग, जिसकी स्थापना 1985 में हुई थी, देश में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए उत्तरदायी है। यह वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), नेशनल रिसर्च डेवलपमेंट कारपोरेशन (एनआरडीसी), सैन्ट्रल इलैक्ट्रानिक्स लि0 (सीईएल) और परामर्शी विकास केन्द्र (सीडीसी) जैसे विख्यात संगठनों के लिए एक प्रशासनिक विभाग है। यह विभाग अनुसंधान और विकास से संबंधित संस्थागत केन्द्रों को मान्यता प्रदान करने और औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास के लिए वित्तीय प्रोत्साहनों के प्रावधान के माध्यम से देश में औद्योगिक अनुसंधान के कार्य को बढ़ाने के लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में प्रयत्नशील है। यह देश की अर्थव्यवस्था के अन्तर्भूत विकास की आवश्यकता को पूरा करने के लिए उद्योगों के विभिन्न क्रास सेक्शनों में नवप्रवर्तन और उद्यमशीलता की भावना को भी बढ़ावा देता है।

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग में वैज्ञानिक 'एफ' के 1 (एक) पद और वैज्ञानिक 'सी' के 3 (तीन) पदों को सीधी भर्ती द्वारा भरने के लिए होनहार भारतीय नागरिकों से नीचे दिए गए ब्यौरे के अनुसार निर्धारित प्रोफार्मा में ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं:

**पद का नाम: वैज्ञानिक 'एफ'**
**वेतनमान:** 37400-67000 (पीबी-4)+ग्रेड वेतन 8900/- रूपये
**रिक्तियों की संख्या: 01 (एक)**
**पद की प्रकृति:** स्थायी

**(क) अनिवार्य शैक्षणिक अर्हताएं :**

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा समकक्ष से प्राकृतिक अथवा कृषि विज्ञान में डॉक्टरेट की डिग्री अथवा अभियांत्रिकी अथवा प्रौद्योगिकी अथवा चिकित्सा में स्नातकोत्तर की डिग्री ।

**(ख) वांछनीय शैक्षणिक योग्यताएं :**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा अनुसंधान संस्थान से प्राकृतिक अथवा कृषि विज्ञान में डाक्टरेट के उपरांत अनुसंधान अथवा अभियांत्रिकी अथवा प्रौद्योगिकी अथवा चिकित्सा में डॉक्टरेट की डिग्री हो जिसे ऐसे विश्वविद्यालयों अथवा संस्थानों तथा प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में अनुसंधान कार्य को प्रकाशन के प्रमाण पत्र द्वारा प्रमाणित किया गया हो। **उद्योग, औद्योगिकीय प्रौद्योगिकी संवर्धन और औद्योगिक इकाईयों की स्थापना से संबंधित नियमों तथा विनियमों में अनुभव और समझ रखने वाले अभियांत्रिकी/प्रौद्योगिकी में डॉक्टरेट/स्नातकोत्तर डिग्री धारक उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।**

**(ग) अनुभव:** औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थानों अथवा विज्ञान और प्रौद्योगिकी संगठनों अथवा वैज्ञानिक गतिविधियों और सेवाओं में अनुसंधान एवं विकास में बारह वर्षों का अनुभव हो जिसमें से छ: वर्ष विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी कार्यक्रम, योजना, विकास तथा समन्वय में प्रबंधकीय सक्षमता में होने चाहिए।

3/4

पद का नामः वैज्ञानिक 'सी'
वेतनमानः 15600-39100 (पीबी-3)+ग्रेड वेतन 6600 रूपये
**रिक्तियों की संख्याः 03 (तीन)**
पद की प्रकृतिः स्थायी

**(क) अनिवार्य शैक्षणिक अर्हताएं :**

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा समकक्ष से प्राकृतिक/कृषि विज्ञान में स्नातकोत्तर की डिग्री अथवा अभियांत्रिकी अथवा प्रौद्योगिकी अथवा चिकित्सा में स्नातक की डिग्री ।

**(ख) वांछनीय शैक्षणिक योग्यताएं :**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा समकक्ष से प्राकृतिक अथवा कृषि विज्ञान में डॉक्टरेट की डिग्री अथवा अभियांत्रिकी अथवा प्रौद्योगिकी अथवा चिकित्सा में स्नातकोत्तर की डिग्री हो । **उद्योग, औद्योगिकीय प्रौद्योगिकी संवर्धन और औद्योगिक इकाईयों की स्थापना से संबंधित नियमों तथा विनियमों में अनुभव और समझ रखने वाले अभियांत्रिकी/प्रौद्योगिकी में डॉक्टरेट/स्नातकोत्तर डिग्री धारक उम्मीदवारों को वरीयता दी जायेगी।**

**(ग) अनुभवः**

औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थानों अथवा विज्ञान और प्रौद्योगिकी संगठनों अथवा वैज्ञानिक गतिविधियों तथा सेवाओं में अनुसंधान और विकास में चार वर्षों का अनुभव।

**आयुः** वैज्ञानिक 'सी' के लिए उच्चतम आयु सीमा 35 वर्ष है। वैज्ञानिक 'एफ' के मामले में उच्चतम आयु सीमा आवेदन पत्र के प्राप्त होने की अंतिम तारीख को 50 वर्ष है। (केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए आदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों के लिए आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट दी गई है)

## सामान्य

1. भरे जाने वाले रिक्त पदों की संख्या में अंतर हो सकता है। विभाग बिना कोई कारण बताए भर्ती को रद्द करने का अधिकार रखता है।

2. निर्धारित अनिवार्य अर्हताएं न्यूनतम हैं और इन अर्हताओं को धारण करने मात्र से उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाने का पात्र नहीं होगा। यदि विज्ञापन के उत्तर में बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं, तो सभी उम्मीदवारों का साक्षात्कार लेना मूल्यांकन बोर्ड के लिए सुविधाजनक अथवा संभव नहीं होगा। अतः, विभाग वांछनीय अर्हताओं और/अथवा विभाग की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार विज्ञापन में निर्धारित अनुमान के आधार पर उपयुक्त सीमा तक साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को सीमित कर सकता है। साक्षात्कार के लिए बुलाए न जाने वाले/नियुक्ति के लिए चयन न हो सकने वाले अम्मीदवारों के साथ कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। किसी भी प्रकार की सिफारिश करने पर उम्मीदवारी को अयोग्य ठहराया जाएगा।

3. साक्षात्कार के लिए दिल्ली के बाहर से बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों को सबसे छोटे मार्ग से आने-जाने का द्वितीय श्रेणी का रेल किराए का भुगतान किया जाएगा।

4. चयनित उम्मीदवार को भारत और भारत के बाहर कहीं भी सेवा करने के लिए तत्पर रहना होगा।

5. अनिवार्य शैक्षणिक अर्हताएं प्राप्त होने के पश्चात ही अनुभव की अवधि का आकलन किया जाएगा। अनुभव के संबंध में, एम.टेक. की पूरी की गई डिग्री का आकलन दो वर्ष के रूप में अथवा पाठ्यक्रम की वास्तविक अवधि के रूप में किया जाएगा, जो भी कम हो, जबकि पूरी की गई डाक्टरेट की डिग्री को तीन वर्ष अथवा पाठ्यक्रम की वास्तविक अवधि, जो भी कम हो, को माना जाएगा। यदि किसी उम्मीदवार ने सेवा में रहते हुए उपर्युक्त डिग्री प्राप्त की है, तो उसके मामले में अनुभव की कुल अवधि के संबंध में अनुभव के रूप में केवल उसकी सेवा अवधि का ही आकलन किया जाएगा और उसे एम.टैक/डाक्टरेट प्राप्त करने के लिए अनुभव में कोई अतिरिक्त वेटेज नहीं दिया जाएगा।

**6. आवेदन कैसे करें**

आवेदन पत्र विभागीय वैबसाईट www.dsir.gov.in में भरा जाना है। इसके लिए निम्नलिखित चरणों का अनुसरण करें:

i. डीएसआईआर वैबसाईट www.dsir.gov.in पर लॉगआन करें (वैबसाईट के ऊपरी तरफ दायें कोने पर); ऑनलाईन सबमिशन पर क्लिक करें;

ii. क. प्रारूप में आवेदक के ब्यौरे भरें (निचली तरफ बायें कोने पर);

ख. संबंधित दस्तावेजों को अपलोड करें तथा submit बटन दबाएं;

iii. क. भरे गए आवेदन पत्र तथा अपलोड किए गए संबंधित दस्तावेजों का मुद्रण करें;

ख. मुद्रित आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर करें तथा अनुलग्नकों सहित स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक द्वारा कालम 7(ङ) में दिए गए पते पर भेज दें।

**7. आवेदन पत्र को भरते हुए निम्नलिखित दिशा-निर्देशों पर ध्यान दिया जाना चाहिए:-**

(क) सरकारी विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों/स्वायत्त संगठनों में कार्यरत उम्मीदवार **उपयुक्त माध्यम से आवेदन करें।** उनके आवेदन के साथ गत पाँच वर्षों की अद्यतन एसीआर/एपीएआर की फोटोकापी (अधिकारी जो अवर सचिव अथवा समकक्ष स्तर के अधिकारी से कम न हो, द्वारा प्रत्येक पृष्ठ साक्ष्यांकित हो) और सतर्कता निकासी भी भेजी जाए। सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों के उम्मीदवार यह स्पष्ट रूप से उल्लेख करें कि क्या उनके द्वारा धारित वेतनमान केन्द्रीय डीए पैटर्न अथवा औद्योगिक डीए पैटर्न के अनुसार हैं। केन्द्रीय सरकार में मिलने वाली परिलब्धियों से तुलना करने के लिए उन्हें कुल परिलब्धियों का भी उल्लेख करना चाहिए।

(ख) शैक्षणिक अर्हताओं, जन्म तिथि, विकलांगता, समुदाय (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के मामले में) के समर्थन में [स्वयं प्रमाणित] प्रमाण पत्रों की प्रतियां आवेदन के साथ भेजी जानी चाहिएं। जब कभी आवश्यकता होगी, उम्मीदवारों को मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे।

(ग) अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन अथवा अपूर्ण पाए गए प्राप्त आवेदन को रद्द कर दिया जाएगा। इस प्रकार रद्द किए गए आवेदनों के संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

(घ) विभाग की वैबसाईट www.dsir.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन के अलावा किए गए किसी भी सीधे आवेदन को विभाग द्वारा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(च) पूर्ण रूप से भरे गए आवेदन पत्रों को पंजीकृत डाक/ से **अवर सचिव (स्थापना), वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग, टैक्नोलॉजी भवन, न्यू महरौली मार्ग, नई दिल्ली-110016** को संबोधित किए जाएं। जिस लिफाफे में आवेदन पत्र डाला जाए, उस पर **'वैज्ञानिक – 'सी' अथवा वैज्ञानिक 'एफ' के पद के लिए आवेदन पत्र'** शब्द अंकित किए जाने चाहिएं। **(दोनों पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार अलग-अलग आवेदन पत्र भरें)** आवेदन इस प्रकार भेजे जाने चाहिएं कि रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशित होने के 45 दिन (असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैण्ड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू और कश्मीर राज्य का लद्दाख मंडल, हिमाचल प्रदेश का लाहौल और स्पीति जिला और चम्बा जिले का पांगी सब डिवीजन, अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह और लक्ष्यद्वीप के उम्मीदवारों के लिए 60 दिन) के भीतर भेजा जाना चाहिए। यह विज्ञापन वैबसाईट www.dsir.gov.in पर भी उपलब्ध है।

**(कुलदीप कुमार)**
**अवर सचिव, भारत सरकार**